प्री बोर्ड परीक्षा फरवरी 2022

विषय-हिंदी समय-2घंटे

कक्षा-दसवीं अंक-40

* सामान्य निर्देश-:

* यह प्रश्न पत्र 'क' और 'ख' दो खंडों में विभाजित है।

* खंड 'क' पाठ्य पुस्तक पर आधारित है जिसमें पाठ्यपुस्तक के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।

* खंड 'ख' लेखन शैली पर आधारित है।

* सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार सुंदर लिखावट में दीजिए।

खंड-क(पाठ्यपुस्तक)(14 अंक)(वर्णनात्मक प्रश्न)

1.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्दी दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।(2×2=4)

(क) प्याले में कम चाय होने पर भी लेखक को उसे पीने में डेढ़ घंटा क्यों लगा ?पाठ झेन की देन के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(ख)"कर चले हम फिदा'गीत के आधार पर सैनिक के जीवन की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'है टूट पड़ा भू पर अंबर' पंक्ति का आशय 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।(4×1=4)

(क)'अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हो सभी' का भावार्थ 'मनुष्यता' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) सआदत अली कौन था? उसने वजीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए।(3×2=6)

(क) पी०टी० सर प्रीतम चंद की 'शाबाश' बच्चों को फौज के तमगे जैसी क्यों लगती थी? अपने शिक्षक से 'शाबाश' सुनकर आपको कैसा लगता है। अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) 'टोपी शुक्ला' पाठ के माध्यम से लेखक ने मानवीय संबंधों की कौन सी सच्चाई उजागर की है। स्पष्ट कीजिए।

(ग) संयुक्त परिवार में सुखपूर्वक रहने के लिए आप किन-किन जीवन-मूल्यों को आवश्यक मानते हैं और क्यों? 'हरिहर काका' पाठ के आलोक में उत्तर लिखिए।

खङ-ख(लेखन शैली)(26 अंक)

4.दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए (6)

(क)पुस्तकों का अद्भुत संसार

संकेत बिंदु-*पुस्तकों का महत्व *ज्ञान का असीम भंडार *पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र

(ख)मोबाइल फ़ोन

संकेत बिंदु-अद्भुत आविष्कार *सुविधाओं का खज़ाना *सदुपयोग और दुरुपयोग

(ग)मन के हारे हार है,मन के जीते जीत

संकेत बिंदु-हार जीत से अभिप्राय *हिम्मत या साहस अति आवश्यक *इतिहास में अनगिनत उदाहरण *आत्मिक शक्ति का विकास

5.छात्रावास की समुचित एवं नियमित सफ़ाई हेतु छात्रावास अधीक्षक को एक पत्र लिखिए।(5×1-5)

अथवा

वृक्षों की कटाई रोकने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु किसी समाचार-पत्र के संपादक के नाम एक पत्र लिखिए।

6. (क) विद्यालय के वार्षिकोत्सव के संबंध में विचार-विमर्श हेतु प्रधानाचार्य कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया है। विद्यालय के समस्त अध्यापकों हेतु इस आशय की लगभग 50 शब्दों में एक सूचना लिखिए। (2.5×1=2.5)

अथवा

विद्यालय में सायंकालीन प्रौढ़-शिक्षा कक्षाओं को पढ़ाने के लिए इच्छुक अध्यापकों के नाम माँगने हेतु लगभग 50 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

(ख) विद्यालय में लगने वाले दीवाली मेले के आयोजन के संबंध में आवश्यक विचार-विमर्श हेतु सांस्कृतिक-समारोह प्रमुख और सहायक प्रमुखों की बैठक बुलाई गई है। विद्यालय के सूचना-पट्ट पर लगाने के लिए 50 शब्दों में एक सूचना लिखिए। (2.5x1=2.5)

अथवा

गर्मी की छुट्टियों में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में विशेष कक्षाओं का आयोजन किया गया है। प्रधानाचार्य की ओर से इस आशय की लगभग 50 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

7. (क) नवनिर्मित 'ए० बी० सी० कान्वेंट स्कूल में नए सत्र में प्रवेश हेतु एक प्रदर्शित विज्ञापन तैयार कीजिए।(2.5x1=2.5)

अथवा

अपना पुराना सोफा सेट बेचने के लिए लगभग 50 शब्दों का एक वर्गीकृत विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ख) 'अतुल किड्स वियर' की ओर से बच्चों के रेडीमेड कपड़ों पर लगी सेल के बारे में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए(2.5×1=2.5)

अथवा

नाम परिवर्तन हेतु लगभग 50 शब्दों में एक वर्गीकृत विज्ञापन तैयार कीजिए।

8. निम्नलिखित प्रस्थान बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए- (5×1=5)

एक गाँव में बाढ़ का पानी भर गया। लोग अपनी जान बचाकर भागने लगे। महेश नामक युवक ने इस आपत्ति का सामना करने की ठानी। उसने कुछ साथियों के साथ नदी पर बाँध बनाने का कार्य आरंभ किया। फिर कभी उस गाँव में बाढ़ नहीं आई। हमें परेशानियों से मुँह नहीं मोड़ना चाहिए, बल्कि उनसे संघर्ष करना चाहिए।

अथवा

सेठ मानिक चंद्र शहर के नामी-गिरामी रईस थे। एक दिन उनकी अंगूठी खो गई। सेठ ने घर में काम करने वाले नंदू से पूछ-ताछ की। उसके मना करने पर सेठ ने उसे अपमानित करके घर से निकाल दिया। दूसरे दिन सुबह सेठ जी की अंगूठी नाली में अटकी हुई मिली। सेठ को पश्चाताप हुआ। उसने नंदू से क्षमा मांगी।